1-In an historical win, Indian men's hockey team won the bronze medal in Tokyo Olympics 2020. It is the first Olympic medal win of Indian men's hockey team in the last 41 years which they secured with a 5-4 win over Germany in an interesting bronze medal match.

ऐतिहासिक जीत के साथ, भारत की पुरुष हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीता। कांस्य पदक के लिए खेले गए एक रोमांचक मैच में जर्मनी पर 5-4 से जीत के साथ हासिल हुआ यह 41 वर्षों में टीम का पहला ओलंपिक पदक है।

2-World record holder Ryan Crouser of the United States claimed the men's shot put title at the Tokyo Olympics.

अमेरिका के विश्व रिकॉर्ड धारक रयान क्राउजर ने टोक्यो ओलंपिक में पुरुषों के शॉट पुट (गोला फेंक) स्पर्धा का खिताब जीत लिया।

3-England fans at the Trent Bridge may have been disheartened by the spineless batting performance from their team in first innings of the first Test, but they had to doff their hats to skipper Joe Root who became England's top run-getter in international cricket.

भारत और इंग्लैंड के बीच ट्रेंट ब्रिज में पहले टेस्ट की पहली पारी में भले ही इंग्लैंड के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा लेकिन टीम के कप्तान जोए रूट इतिहास रचते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए।

4-Kumar Mangalam Birla has stepped down as the Non-Executive Director and Non-Executive Chairman of the Board of Vodafone Idea Ltd.

कुमार मंगलम बिड़ला ने वोडाफोन आइडिया लिमिटेड बोर्ड के गैर-कार्यकारी निदेशक और गैर-कार्यकारी अध्यक्ष का पद छोड़ दिया है।

5-The Government of India, the Central Water Commission, government representatives from 10 participating states and the World Bank today signed a $250 million project for long-term dam safety program and improving the safety and performance of existing dams across various states of India.

भारत सरकार, केन्द्रीय जल आयोग, 10 प्रतिभागी राज्यों के सरकारी प्रतिनिधियों और विश्व बैंक ने आज दीर्घकालिक बांध सुरक्षा कार्यक्रम और भारत के विभिन्न राज्यों में मौजूदा बांधों की सुरक्षा एवं उसके प्रदर्शन में सुधार से संबंधित 250 मिलियन डॉलर की परियोजना पर हस्ताक्षर किए।

6-To give boost agricultural and processed food products exports especially from Karnataka, the Agricultural and Processed Food Products Export Development Authority (APEDA) today signed Memorandum of Understanding (MoU) with University of Agricultural Science (UAS) Bangalore.

कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने विशेष रूप से कृषि तथा प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए बंगलुरु के कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय (यूएएस) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

7-Union Minister for Ports, Shipping and Waterways Sarbananda Sonowal has hailed the launching of sea trials of indigenous aircraft carrier 'Vikrant', India's most complex warship to have been indigenously built by Cochin Shipyard for the Indian Navy.

भारतीय नौसेना के नौसेना डिजाइन निदेशालय (डीएनडी) द्वारा डिजाइन किया गया स्वदेशी विमानवाहक (आईएसी) पोत 'विक्रांत' पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (एमओएस) के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के शिपयार्ड कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) में बनाया जा रहा है।

8-Central Board for Indirect Taxes & Customs (CBIC) here today launched the Indian Customs Compliance Information Portal (CIP) at www.cip.icegate.gov.in/CIP for providing free access to information on all Customs procedures and regulatory compliance for nearly 12,000 Customs Tariff Items.

केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने लगभग **12,000** सीमा- शुल्क टैरिफ मदों के लिए सीमा - शुल्क की सभी प्रक्रियाओं और नियामक अनुपालन से जुड़ी जानकारी तक निःशुल्क पहुंच प्रदान करने के लिए आज यहां **www.cip.icegate.gov.in/CIP** पर भारतीय सीमा- शुल्क से संबंधित अनुपालन सूचना पोर्टल (सीआईपी) का शुभारंभ किया।

9-Principal Scientific Adviser to the Government of India Prof. K. Vijay Raghavan virtually inaugurated a decentralized biomedical waste incinerator at Buxar Municipality, Bihar.

भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. के. विजय राघवन ने बक्सर नगर पालिका, बिहार में एक विकेन्द्रीकृत जैव चिकित्सा अपशिष्ट भट्टी का वर्चुअल उद्घाटन किया।

10-Bharat Biotech's COVID-19 vaccine Covaxin has received Good Manufacturing Practices (GMP) compliance certificate from Hungary.

भारत बायोटेक के कोविड-**19** टीके को हंगरी में गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज (जीएमपी) अनुपालन प्रमाणपत्र मिला है।